आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 30.08.2026

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से 35 लाख महिलाओं को लाभ मिला।
- नेपाल बाढ़ में मृतकों की संख्या 734 हो गई है। लगभग 2 हजार पांच सौ लोग अब भी लापता हैं।
- आवास विभाग ने ऋषिकेश महायोजना से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर दिया है।
- **और** मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश की बेटियों के सपनों की उड़ान अंतरिक्ष तक पहुंच रही है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से त्यौहारों के इस मौसम में वोकल फॉर लोकल का समर्थन का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना अपने साथ देशभक्ति के कई रंग लेकर आया है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान ने देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया है। श्री मोदी ने बताया कि

'वंदे मातरम के डेढ़–सौ वर्ष पूरे होने से यह साल और भी विशेष बन गया है। इस बार 8 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई।

**नेपाल**

नेपाल बाढ़ में मृतकों की संख्या 734 हो गई है। लगभग 2 हजार पांच सौ लोग अब भी लापता हैं। आपदा के पांचवें दिन भी बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश और फंसे हुए लोगों को बचाने में जुटे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 11 टन राहत सामग्री लेकर चौथा विमान आज नेपाल पहुंचा। बचाव दल ने अब तक 8 हजार 186 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। इनमें 2 सौ 27 विदेशी नागरिक हैं। नेपाल सरकार ने भोटे कोशी नदी में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। भोटे कोशी नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने

बताया कि अब तक एक सौ 8 भारतीय नागरिकों को बचाया जा चुका है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दो सौ 75 भारतीय और अन्य देशों के भारतीय मूल के एक सौ 28 लोग भी लापता हैं।

**ऋषिकेश महायोजना**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आवास विभाग ने ऋषिकेश महायोजना को जल्द अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज करते हुए इससे जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर दिया है। सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में देहरादून, पौड़ी गढ़वाल और टिहरी गढ़वाल के संबंधित विकास प्राधिकरणों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सचिव आवास ने अधिकारियों को महायोजना से जुड़े सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश जैसे धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए महायोजना केवल भूमि उपयोग का दस्तावेज नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के शहरी और आर्थिक विकास की आधारशिला है।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है, देहरादून समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 2 सितंबर तक राज्य के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम के अलर्ट को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार मौसम और बारिश की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री का कहना है सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आपदा प्रबंधन समेत सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रखा गया है। उन्होंने कहा कि ग्लेशियर और ग्लेशियल झीलों से जुड़े संभावित खतरों पर भी काम किया जा रहा है।

**उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच**

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच की ओर से देहरादून के टाउन हॉल में दो दिवसीय मंथन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें  प्रदेशभर से पहुंचे राज्य आंदोलनकारियों ने प्रतिभाग किया और राज्य आंदोलन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस दौरान क्षैतिज आरक्षण, राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण समेत कई लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। आंदोलनकारियों ने सरकार से इन मांगों का जल्द समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास ने राज्य आंदोलन के शहीदों के परिजनों और वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच की ओर से कैबिनेट मंत्री को 10 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा गया।

**बागेश्वर**

युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बागेश्वर जिले में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 31 दिवसीय मोटर वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को वाहन संचालन के साथ ही मोटर वाहन से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। आरसेटी में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 से अधिक युवा प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को वाहन चलाने के साथ ही वाहनों के रखरखाव, सामान्य तकनीकी समस्याओं की पहचान और उनके समाधान सहित मोटर वाहन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। आरसेटी के फैकल्टी चंदन भाकुनी ने कहा कि प्रशिक्षण में ऐसी जानकारी दी जारी है, जिसका उपयोग वे आगे रोजगार प्राप्त करने के साथ ही अपना काम शुरू करने में भी कर सकते हैं।

**चम्पावत**

चम्पावत जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम लोहाघाट में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस पखवाड़े के अंतिम दिन संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। एथेलेटिक्स कोच मोहन सिंह राणा ने बताया कि तीन दिन विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें मेजर ध्यानचंद को समर्पित भाषण प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता और वाद –विवाद आदि प्रतियोगिताएं भी कराई गई। इसके साथ ही रिले रेस और फिट इंडिया की शपथ भी कराई गई।